दिनांक–04.11.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ CGRC पर लंबित शिकायतों, टंकी सफाई, जल जाँच एवं ATR अपलोड करने के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

CGRC:-

- ❖ CGRC Portal पर प्राप्त 7 दिन से अधिक लंबित शिकायतों एवं प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने हेतु सभी कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

टंकी की सफाईः–

- ❖ सभी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि दीपावली से पहले टंकी की साफ–सफाई शत–प्रतिशत कराते हुए MIS Portal पर Upload करना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

जल जाँच (Water Testing):–

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडल भागलपुर पश्चिम में जल जाँच (Water Testing) की प्रगति संतोषप्रद नहीं है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सुल्तानगंज के कनीय अभियंता द्वारा Sample Collect नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण इन्हें स्पष्टीकरण भी किया गया हैं। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि कनीय अभियंता के विरूद्ध प्रपत्र 'क' गठित कर अविलंब मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडल बिहारशरीफ में जल जाँच (Water Testing) की प्रगति नगण्य है। जिससे परिलक्षित होता है कि Chemist एवं Lab Assistant द्वारा उक्त कार्यों में कोई रूचि नहीं ली जा रही है, जिसके कारण प्रगति संतोषप्रद नहीं है। उक्त के संबंध में प्रमंडलान्तर्गत सभी Chemist एवं सभी Lab Assistant का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने एवं कार्यपालक अभियंता, बिहारशरीफ द्वारा अपने अधीनस्थ Chemist एवं Lab Assistant से काम न करा पाने के कारण प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना।

- ❖ सभी कार्यपालक अभियंता जल जाँच कार्यों में गति लाते हुए MIS Portal पर Water Sample Testing की प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता/संबंधित केमिस्ट।

CMO Surprise Inspection related ATR upload Status:-

❖ मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए गए Surprise Inspection में बंद/अक्रियाशील पाए गए योजनाओं को दीवाली से पहले क्रियाशील करते हुए ATR, MIS Portal पर अपलोड करने का निदेश सभी कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

अनुपालनः— सभी कार्यपालक अभियंता।

अन्यान्यः—

❖ सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि Media Change का निश्चित समयावधि में निर्धारित लक्ष्य को रखते हुए पूर्ण करेंगे। साथ ही Media Change की Last Date एवं Dues Date की प्रविष्टि MIS Portal पर अगले 24 घंटे के अंदर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः— सभी कार्यपालक अभियंता।

❖ दिनांक—04.11.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में कार्यपालक अभियंता प्रमंडल दरभंगा एवं मधुबनी मुख्यालय को बिना सूचना दिए अनुपस्थित थे। साथ ही संबंधित अधीक्षण अभियंता से पृच्छा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा—05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः— अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

09.11.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः— 14/विविध—102/2024-959 दिनांक— 10/11/26

प्रतिलिपिः—सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/11

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वैभ-102/2024-959 दिनांक– 10/11/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/आइटी मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वैभ-102/2024-959 दिनांक– 10/11/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)